# कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती : जैन

## सायकिल वितरण कर संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने मेरिट में आने वालों को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की

**जगदलपुर।** कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती ...। जगदलपुर विधायक व संसदीय सचिव ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के नगरनार में स्कूली छात्राओं के लिए आयोजित सायकिल वितरण समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते जब स्वर्गीय हरिवंश राय बच्चन की यह पंक्तियां सुनाई तो कार्यक्रम स्थल विद्यार्थियों के तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सरस्वती सायकिल योजना को बेहतरीन योजना निरुपित करते कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व में अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने गढ़बो नया छत्तीसगढ़ का नारा ही नहीं दिया है अपितु वे राज्य को बेहतर बना रहे हैं। इसी कड़ी में नगरनार को पहले से अच्छा बनाने की पहल की जा रही है। उन्होने विद्यार्थियों से मेरिट में आने का आह्वान किया। श्री जैन ने कहा कि स्कूल का जो भी छात्र मेरिट में आएगा उसे 50 हजार रुपए मेरे द्वारा दिया जाएगा। उन्होने बच्चों से तैयारी के नाम पर घर वालों को गुमराह करने की बजाए खूब मेहनत करने कहा और हरिवंश राय बच्चन की कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती, कविता की चंद पंक्तियां सुनाई। संसदीय सचिव ने कहा कि हौसला मजबूत होगा तो कभी हार नहीं होगी।



खंड शिक्षा अधिकारी मान सिंह भारद्वाज ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती सायकिल योजना बेहतरीन योजना है। उन्होने स्कूल प्रबंधन से बोर्ड परीक्षा का परिणाम और बेहतर लाने कहा। नीट व आईआईटी की परीक्षा देने, जिला प्रशासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ज्ञान गुड़ी की स्थापना करने आदि की जानकारी भी दी। भारद्वाज ने टॉपर बच्चों को पारितोषिक मिलने और मुख्यमंत्री द्वारा हेलीकाप्टर से रायपुर तक भ्रमण करवाने की योजना की जानकारी भी दी। खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों से बच्चों की पढ़ाई पर और ज्यादा ध्यान देने कहा। मुश्किलें आएंगी लेकिन इरादे दृढ हो तो सफ्लता जरूर मिलेगी। इंद्रावती विकास प्राधिकरण सदस्य सियाराम नाग ने विभिन्न क्षेत्रों में जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन के द्वारा किए जा रहे प्रयासों और उनकी सरलता-सहजता की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

सरपंच लैखन बघेल ने कहा कि हमारे विधायक सुख- दुख में खड़े रहते हैं। आपमें से कुछ लोगों को वोट देने का अधिकार मिलने वाला है। उन्होने रेखचंद जैन को फ्रि से जिताने की अपील उपस्थित लोगों से की।

कार्यक्रम के दौरान एक दर्जन किसानों को 260 किलो गेहूं, चना, मसूर, उड़द और मूंग बीज का वितरण किया गया। वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष सेवा देने वाली मितानिनों और स्कूल के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मेघनाथ बघेल, उप सरपंच रविशंकर दास, धनुर्जय दास, घनश्याम महापात्र, विजय दास, आमागुड़ा सरपंच भगत राम, शोभा राम, इन्दु बघेल, कमलोचन कश्यप, ईश्वर बघेल, नीलो पुजारी, डूमर पुजारी, हेमू बघेल, सुकालू बघेल, मनु बघेल, विजय सिंह, विनोद कुकड़े, विकास राव, प्राचार्या ज्योति श्रीवास्तव, सुधीर देवांगन, उमेश्वरी देवांगन, नील हरी महापत्र, राजू राम कश्यप, पंच, मितानिन, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र- छात्राएं व अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम संचालन श्रीमती लक्ष्मी मार्कंडेय व ओमप्रकाश जोशी ने किया।

### मातागुड़ी का चेक सौंपा प्रतिभाओं का किया सम्मान

संसदीय सचिव श्री जैन ने नगरनार सरपंच व सचिव को हिंगलाजिन मातागुड़ी के जीर्णोद्धार के लिए स्वीकृत पांच लाख रुपए में से एक लाख रुपए का चेक सौंपा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले बाउन्ड्रीवाल का भूमिपूजन किया गया। विधायक श्री जैन ने नवमीं कक्षा में अध्ययनरत 58 छात्राओं को सायकिल वितरित की।

### गोदाम सह चबूतरा का लोकार्पण

स्कूली कार्यक्रम से पूर्व श्री जैन ने नगरनार में निर्मित 500 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम सह चबूतरा का लोकार्पण किया। इसका निर्माण 26.50 लाख रुपए की लागत से जिला खनिज संस्थान निधि के द्वारा करवाया गया है। इस दौरान सोमनाथ सेठिया समेत लैम्प्स के अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे।

# कोटेश्वर धाम समिति ने विधायक सावित्री मंडावी का किया भव्य स्वागत

**नगरी।** भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक एवं स्वर्गीय मनोज मंडावी जी की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री मंडावी सोमवार को भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव जीत के बाद पहली दफ़ा कोटेश्वर धाम पहुंचकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त की। इस दौरान गुरूदेव स्वामी सत्यनारायण द्वारा भीमा कोटेश्वर बाबा का विधि विधान से जलाभिषेक कर पूजन करवाया।

ज्ञात हो सिहावा क्षेत्र की धर्म स्थलीय भीमा कोटेश्वर धाम जहां स्वर्गीय मनोज मंडावी जी की परम आस्था का केंद्र रहा है। अपने स्वर्गीय पति के आस्था के केंद्र पर आज उनका आगमन हुआ।देव दर्शन एवं मेल मिलाप के दौरान विधायक श्रीमती मंडावी ने समिति के पदाधिकारियों के साथ सदस्यों को भीमा कोटेश्वर धाम को पूर्व की तरह हमेशा समर्पित भाव से सेवा करने की अपील किया।और अपने पति मनोज मंडावी की तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर याद किया।

इस दौरान भीमा कोटेश्वर धाम समिति के सरंक्षक पूर्व विधायक श्रवण मरकाम,उपाध्यक्ष बंशीलाल सोरी, महासचिव डोमारसिंह ध्रुव, सचिव डेविड ठाकुर, कुलदीप साहु,दुखवाराम मरकाम, पुसऊ मरकाम, गोलू मालू,धनराज मरकाम,प्रताप साहू,तुकेश्वर साहू, के साथ समिति के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### कांग्रेसियों ने की मुलाकात

भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव में नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायक एवं स्वर्गीय मनोज मंडावी की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री मंडावी ने जीत के बाद कल कोटेश्वर धाम पहुंचकर कोटेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश एवं भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्रवासियों की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। विदित हो की कोटेश्वर धाम स्वर्गीय मनोज मंडावी की परम आस्था का केंद्र रहा है। स्वर्गीय मंडावी का बाबा कोटेश्वर धाम से विशेष लगाव रहा। वे सपरिवार अक्सर यहां आया करते थे। श्रीमती मंडावी के आगमन की जानकारी मिलने पर सिहावा विधायक डॉ.लक्ष्मी ध्रुव के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी के अध्यक्ष भूषण साहू द्वारा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं जितेंद्र ध्रुव , टिकेश्वर ध्रुव, वीरेंद्र निर्मलकर, सरपंच संघ के सचिव श्री मुनेश्वर ध्रुव एवं रुपेश साहू को अगुवानी के लिए कोटेश्वर धाम भेजा था। श्रीमती सावित्री मंडावी के आगमन पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सौजन्य मुलाकात कर सिहावा विधानसभा क्षेत्रवासियों की ओर से जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



# बेलरगांव में भी कांग्रेस की भारत जोड़ो पदयात्रा, सिहावा विधायक शामिल हुई



**नगरी।** भारत जोड़ो पदयात्रा सिहावा विधानसभा क्षेत्र के गाँव गाँव मे पहुच रही है। इसी कड़ी में बेलरगांव ब्लाक के ग्राम रतावा में भारत माता व वीर पुरुषों की तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर पदयात्रा की शुरुआत की गई। जिसमें समस्त कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में सिहावा विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश नाथ प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि श्री अख्तर खान,मनोज साक्षी जिला पंचायत सदस्य,उमेश देव अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी,कैलाश जैन पूर्व सचिव व्यापारी प्रकोष्ठ, सरपंच गिरिजा देवी देव, जनपद सदस्य कुशल नेताम, ईश्वर पटेल, तारिका मरकाम, कविता पवार, सरपंच संघ के अध्यक्ष राजू सोम,शोभा राम मरकाम, वेद राम साहू, महेंद्र पाण्डेय, राजेंद्र ठाकुर, असकरण पटेल, दुर्गेश कस्यप, महिला कांग्रेस के अध्यक्ष विमला मरकाम , तामेश्वरी मरकाम, हरी लाल सुमन, हरिलाल समुंद्र, गोवर्धन ध्रुव, भुवन कश्यप, सोनाराम नेताम , सुनाराम मरकाम,बल्लू पटेल, एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक गण माताएं कमार समाज के मुखिया एवं वरिष्ठ जन कार्यक्रम में उपस्थित थे।

पदयात्रा के दौरान विधायक महोदया व कार्यकर्ताओ ने गांव के घर - घर जाकर ग्रामीणों को भूपेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया साथ ही विधायक ने ग्राम पंचायत रतावा में उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। जिस पर स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में दवाई उपलब्ध व ग्रामीण जनों का उप स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने की बात कही।

विधायक महोदय ने बिरनासिल्ली के कमार बस्ती में पहुंचकर कार्यकर्ताओं के समक्ष कमार भाइयों का हालचाल जाना साथ ही उन्होंने बताया कि बस्ती में सौर ऊर्जा से संचालित हैंडपंप खराब होने की बात कही व मोहल्ला में कमार बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्र खुलवाने की मांग की गई और ग्राम की समस्याओं से अवगत करा कर गांव वालो ने विधायक महोदय के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। उस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत के सचिव को निर्देशित करते हुए पेंशन, राशन कार्ड, पेयजल व्यवस्था करने की बात कही साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया एवं राहुल जी की पदयात्रा भारत जोड़ो पदयात्रा के संबंध में विस्तार पूर्वक उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्राम वासियों को मंच के माध्यम से अवगत कराया गया। कार्यक्रम को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलरगांव के अध्यक्ष कैलाश प्रजापति,जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी द्वारा भी उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में राहुल गांधी की पदयात्रा की जानकारी एवं छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई।

# सरकारी कर्मचारी व पुलिस विभाग में तैनात सिपाही ने पत्रकारों को दी गालियां

■ गाली-गलौज करने वाले के खिलाफ हुआ मामला दर्ज

**सुकमा/कोण्टा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में अंतिम छोर सुकमा जिले के कोण्टा में दो सरकारी कर्मचारियों ने पत्रकार संघ और पत्रकारों को जान से मारने की धमकी देने व गाली-गलौज करने पर कोण्टा नगर के पत्रकार रोष व्यक्त करते हुए दोनों कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू करने की बात कही है।

दरअसल इतवार रात करीब साढ़े सात बजे कोण्टा के पत्रकार पवन कुमार के साथ वाद विवाद कि घटना हुई। इस दौरान दोनों शासकीय कर्मचारियों ने पत्रकार संघ और कुछ पत्रकारों के नाम लेकर गाली गलौज करने लगे, उस वक्त कोण्टा नगर के सैकड़ों लोग वहां पर मौजूद भी थे। वहां खड़े कई लोगों ने दोनों कर्मचारियों को समझाने की कोशिश भी किया, किंतु शराब के नशे मे नवपदस्थ डीआरजी जवान एम मुकेश एवं अनुविभागीय विभाग कोण्टा के कम्प्युटर आपरेटर ओलम निर्मल द्वारा पत्रकारिता जगत के तमाम पत्रकारों को अपनी भाषा शैली कि गालियों से नहीं बक्स रहे थे।

पवन कुमार के साथ नवपदस्थ आरक्षक एम मुकेश ने अपने सर्विस रायफल से जान से मारने तक की धमकी दे डाली। सरकार इनको बंदूक देती है ताकि असामाजिक तत्वों व नक्सलियों से लड़े ना कि ऐसे खुले आम किसी को भी मारने की धमकी दे।




इससे साफ जाहिर होता की ये भविष्य में किस तरह से कार्य करेंगे। बात यही खत्म नहीं हुआ देर रात दो बार अलग-अलग ठिकानो पर पत्रकार पवन कुमार के घर जाकर भी जान से मारने कि धमकी दिया गया। हालांकि इस दौरान पुलिस को इसकी सूचना भी दी। दूसरे दिन पत्रकारों ने बैठक रखकर दोनों शासकीय कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने थाना पहुंचे, जहाँ कोण्टा थाना प्रभारी को आपबीती बताते हुय घटनाक्रम से अवगत कराया और एफआईआर करने और कड़ी कार्यवाही करने की मांग किया। दोनों सरकारी कर्मचारी द्वारा पत्रकार के साथ और पत्रकार संघ के नाम के साथ किए गए दुर्व्यवहार के मामले को लेकर विभिन्न पत्रकार संगठनों ने निंदा की है। संगठनों ने साफ तौर पर कहा है कि यदि दोषी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए समिति के गठन के बाद सरकार छत्तीसगढ़ के हर एक जिले में जोखिम प्रबंधन इकाई का गठन करने की बाते वादे हुयी, जिसमे जोखिम इकाई के सदस्य जिले के कलेक्टर, जिला जनसम्पर्क अधिकारी, पुलिस अधीक्षक और दो पत्रकार भी होंगे।

# भाजपा ने मोर आवास मोर अधिकार कार्ययोजना पर बनाई रणनीति

**नगरी।** भाजपा मंडल नगरी की आवश्यक बैठक राजबाड़ा दंतेश्वरी मंदिर सभा हाल में रखी गई। जहां कार्यकर्ताओं को जोश भरते हुए बस्तर महाराजा सिहावा विधान सभा प्रभारी कमलचंद्र भंजदेव ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा गरीबों के आवास बनाया जा रहा था और 2022 तक पूरा बन गया होता पर राज्य की निकम्मी भूपेश सरकार द्वारा गरीबों का हक को छीनकर प्रधानमन्त्री आवास को ब्रेक लगा दिया है। भारतीय जनता पार्टी अब गरीबों का हक दिलाने के लिए मोर आवास मोर अधिकार कार्ययोजना के तहत सड़क पर उतरेंगे जिनके लिए सभी 37 पंचायतों में कार्यकर्ताओ को प्रभारी सहप्रभारी बनाकर गांव गांव में जनजागरण किया जावेगा कार्यक्रम में किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री पूर्व विधायक पिंकी शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम जिला महामंत्री प्रकाश बैस, जिला मंत्री राजेन्द्र गोलछा, मंडल प्रभारी रवि दुबे, मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, डॉ. के एस शांडिल्य, महामंत्री रामगोपाल साहू, हृदय साहू, कमल डागा, अजय नाहटा, सुनील निर्मलकर, अमरसिंग ध्रुव,बलजीत छाबड़ा, भाजयुमो अध्यक्ष राजेश नाथ गोसाई, यशवंत साहू महिला मोर्चा अध्यक्ष सुलोचना साहू महामंत्री हेमलता साहू बबीता साहू प्रतिमा देवांगन आंचला यदु शशि ध्रुव बिमला ध्रुवा दुर्गेश गंजीर अरुण प्रजापति संत कोठारीसंजय सारथी भूपेंद्र साहू अश्वनी निषाद महेश साहू कुमेश साहू जन्मेजय साहू साधु राम साहू नागेंद्र बोरझा भुपेश साहू संजय निषाद नीलम साहू महेंद्र सिन्हा मनोज साहू हरीश सार्वा बल्लू नरेन्द्र सेन नरेन्द्र नाग सुरेश साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।




छत्तीसगढ़

प्रमुख समाचार

## भाजपा मंडल मगरलोड की आज आवश्यक बैठक

**नगरी।** भाजपा मंडल मगरलोड की आवश्यक बैठक 14 दिसंबर को दोपहर 1:00 बजे ग्राम कुल्हाड़ीकोट में भाजपा कार्यकर्ता मनीष कश्यप के निवास में रखी गई है।उक्त बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिला के अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार,भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री एवं पूर्व विधायक श्रीमती पिंकी शिवराज शाह,पूर्व विधायक सिहावा श्रवण मरकाम,भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री और मगरलोड मंडल के प्रभारी राजेंद्र गोलछा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, महिला मोर्चा के जिला के महामंत्री एवं मगरलोड प्रभारी हेमलता यादव उपस्थित रहेंगी। उक्त बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य, जिला,मंडल के पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य भूत अध्यक्ष से लेकर समस्त वरिष्ठ कार्यकर्ताओं भारतीय जनता पार्टी के समस्त जनपद सदस्य एवं सरपंच नगर पंचायत के पार्षद को उपस्थित होने की अपील भाजपा मंडल अध्यक्ष यदु महामंत्री एवं यवन साहू ने किया है।

## बनबांधा में दो मकानों को तोड़कर हाथी पहुंचे कोरबी



**कोरबा।** पसान रेंज के बनबांधा और बनखेता में उत्पात मचा रहा हाथियों का झुंड सोमवार को केंदई रेंज के कोरबी, ओड़ारपार फॉरेस्ट ऑफिस के पीछे पहुंच गया। हाथियों की संख्या 25 बताई गई है। हाथियों ने बनबांधा में दो मकानों को तोड़ दिया। दो हाथी पहले अलग से घूम रहे थे। वह भी झुंड में मिल गए हैं। हाथियों के आने पर आसपास के गांवों में लोगों को सतर्क कर दिया है। इधर कोरबा वनमंडल के पसरखेत में 25 हाथियों का झुंड घूम रहा है। एसडीओ आशीष खेलवार ने बताया कि मदनपुर, कोलगा व आसपास के गांवों में अलर्ट जारी कर दिया है। धान कटाई होने से अभी किसी तरह की क्षति नहीं हुई है।

## गोबर बेचकर विक्रेताओं ने कमाये 6 करोड़ 85 लाख रू.

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में सफल साबित हो रही है। जिले में गोधन न्याय योजना के प्रारंभ से अब तक योजना अंतर्गत 14 हजार 593 गोबर विक्रेताओं ने तीन लाख 42 हजार क्विंटल गोबर बेचकर छह करोड़ 85 लाख 17 हजार 489 रूपए कमाये हैं। जिले में गोधन न्याय योजना के सुचारू संचालन से ग्रामीणों को गांव में ही आर्थिक लाभ कमाने का जरिया प्राप्त हुआ है। ग्रामीण गांवों में ही गौठानों के माध्यम से गोबर खरीदी के साथ-साथ खरीदे गए गोबर से वर्मी कम्पोस्ट निर्माण कर आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर हो रहे हैं। गोबर बिक्री और वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन से आर्थिक लाभ पाकर ग्रामीण खुश हैं। कलेक्टर श्री संजीव झा द्वारा जिले में पशुपालकों एवं किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने तथा गोधन न्याय योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए गौठानों का सतत् निरीक्षण एवं योजना की लगातार समीक्षा की जा रही है। जिसके सकारात्मक परिणाम फील्ड में देखने को मिल रहे हैं।

## जस्टिस नरेंद्र व्यास व जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी एडिशनल जज से जज बने



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में दो जजों की नियुक्ति का आदेश जारी हो गया है। पहले दोनों जज अतिरिक्त जज थे, लेकिन भारत सरकार के इस आदेश के बाद वो हाईकोर्ट के जज बन गये हैं। इससे पहले नरेंद्र कुमार व्यास और नरेश कुमार चंद्रवंशी को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का एडिशनल जज बनाया गया था। ब पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम ने दोनों का नाम प्रस्तावित किया था, जिसके बाद राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने नरेंद्र कुमार व्यास और नरेश कुमार चंद्रवंशी की दो साल के लिए हाईकोर्ट के एडिशनल जज के रूप में नियुक्ति की थी।

## लोक निर्माण प्रभारी ने किया नाले का निरीक्षण

**रिसाली।** बारिश के पानी को रिहायशी क्षेत्र से आसानी से निकालने 24 लाख 50 हजार की कार्य योजना तैयार कर मूर्त रूप दिया जा रहा है। नाला पर बाक्स कल्वट बनाया जा रहा है। सोमवार को रिसाली निगम के लोक निर्माण विभाग प्रभारी अनुप डे ने निगम अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। महापौर परिषद के लोक निर्माण विभाग प्रभारी ने कहा कि आमतौर पर निर्माण के बाद आस पास जमी मिट्टी को निकाला नहीं जाता। बाद में यही मिट्टी (मलबा) नाला में पानी के बहाव को रोकता है। उन्होंने नाला में चैनमाउंट मशीन उतारकर मलबा निकालने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद के सद्स्य चन्द्रभान ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, विनय नेताम, चन्द्रप्रकाश सिंह, कार्यपालन अभियंता एस.के. बाबर, सहायक अभियंता आर.के.जैन, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे।



# उप निर्वाचन में लापरवाही, मतदान अधिकारी का रोका गया वेतन वृद्धि

**कांकेर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-80 भानुप्रतापपुर (अजजा) के उप निर्वाचन में मतदान केंद्र क्रमांक-80 भानुप्रतापपुर-2 के पीठासीन अधिकारी संगम कुमार, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताड़ोकी, विकासखण्ड अंतागढ़ का एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा आदेशित किया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदान केंद्र क्रमांक-80 भानुप्रतापपुर-2 के पीठासीन अधिकारी संगम कुमार द्वारा मतदान दिवस 5 दिसम्बर को वास्तविक मतदान के पूर्व इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में किये गये मॉकपोल के बाद सीआरसी नहीं किया गया था, जिसके कारण मतदान के दौरान पीठासीन अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रपत्र 17(ग) में दर्शित मतदाताओं की संख्या एवं कंट्रोल यूनिट में दर्शित मतदाताओं की संख्या में भिन्नता पाई गई। मतगणना के दौरान टेबल क्रमांक-10 के गणना अभिकर्ता द्वारा इस पर आपत्ति दर्ज कराये जाने से अंततः ईवीएम से मतगणना की कार्यवाही नहीं करते हुए उक्त ईवीएम की गणना को शामिल नहीं किया गया। पीठासीन अधिकारी संगम कुमार द्वारा प्रस्तुत अपने स्पष्टीकरण में वास्तविक मतदान के पूर्व मॉकपोल के बाद सीआरसी नहीं करने के संबंध में त्रुटी होना स्वीकार किया गया।

वास्तविक मतदान के पूर्व मॉकपोल के पश्चात सीआरसी नहीं किया जाना निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 के विपरित होने के साथ ही पीठासीन अधिकारी का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के भी विपरित होने के कारण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा मतदान क्रमांक-80 भानुप्रतापपुर-2 के पीठासीन अधिकारी संगम कुमार व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताड़ोकी, विकासखण्ड अंतागढ़ का एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के आदेश दिये गये हैं।

## धान खरीदी केंद्र पहुंचे खाद्य मंत्री ने किसानों से पूछा

# कोनो समस्या तो नई हे ना : अमरजीत भगत

**अम्बिकापुर।** खाद्य मंत्री अमरजीत भगत सरगुजा दौरे के दौरान अलग-अलग धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करते नजर आ रहे है। मंत्री श्री भगत धान खरीदी केंद्रों में पहुँचकर बारदानों, टोकन, खरीदी व्यवस्था समेत अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ले रहे है, और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे है। खाद्य मंत्री का फोकस धान खरीदी में किसानों को किसी प्रकार की समस्या ना हो इस पर है।

मंगलवार को खाद्य मंत्री श्री भगत दरिमा के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया, व धान खरीदी के बारे में जानकारी ली। केंद्र में अब तक 9841मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है, व धान उठाव का कार्य भी सुचारू रूप से हो रहा हैं। मंत्री श्री भगत किसानों से सरगुजिहा लोकभाषा में बात करते नजर आए किसानों से पूछा कि - व्यवस्था सब ठीक ठाक है ना, कोनो प्रकार के समस्या थोड़ी ना हे। किसानों ने कहा - सब ठीक हे, कोनो समस्या नई होथ हे साहब। मंत्री अमरजीत भगत ने बताया इस वर्ष पूर्व में की गई तैयारियां रंग लाई किसानों को न बारादाने की समस्या है, ना भुगतान की और न ही किसी प्रकार के अव्यवस्था की शिकायत आ रही है।

